को उक्त अधिनियम के सीमा क्षेत्र के अधीन लाया जा सके।

(ख) दिल्ली प्रशासन द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, जब कभी निर्धारित मजदूरी की अदायगी न किए जाने का मामला उनके ध्यान में लाया जाता है तो वे कार्रवाई करते हैं।

(ग) दिल्ली प्रशासन द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षणों के फलस्वरूप कारखाना अधिनियम, 1948 के उपबंधों का उल्लंघन किए जाने पर 35 अभियोजन मामले दायर किए गए हैं।

(घ) दिल्ली प्रशासन ने यह बताया है कि वर्ष 1989 में दो स्टील कंपनियों में हुई दुर्घटनाओं के कारण चार कर्मकारों की मृत्यु हुई। मृत कर्मकारों के पारिवारिक सदस्यों को दिए गए मुआवजे संबंधी सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

रेल सवारी डिब्बे का आरक्षण कराने संबंधी शुल्क

548. **श्री रजनी रंजन साहू:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास सामूहिक यात्रा हेतु रेल सवारी डिब्बे के आरक्षण के लिए ली जा रही अग्रिम धनराशि को कम करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीज): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

कलाकारों, खिलाड़ियों और समाजसेवियों को बिना बारी के मकानों का आवंटन

549. **श्री रजनी रंजन साहू:** क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय कलाकारों, खिलाड़ियों और समाजसेवियों को दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा बिना बारी के मकानों का आवंटन करने के संबंध में कोई प्रावधान है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार का भविष्य में ऐसा कोई कानून बनाने का विचार है?

शहरी विकास मंत्री (श्री मुरासोली मारन): (क) दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/अध्यक्ष को एक वर्ष के दौरान आवंटित किये जाने वाले फ्लैटों की कुल संख्या का बिना बारी आधार पर अधिकतम $2^{1/2}$ प्रतिशत आवंटन, अति सहानुभूति और कठिनाई के मामलों में तथा ख्याति प्राप्त खिलाड़ियों, शौर्य पुरस्कार प्राप्त रक्षा कार्मिकों व राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट सेवा प्रदान करने वाले अन्य व्यक्तियों को करने के लिये अधिकृत किया गया है।

(ख) जी, नहीं।

शताब्दी एक्सप्रेस का चलाया जाना

550. **श्री रजनी रंजन साहू:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में रेल की अपर्याप्त सुविधाओं को देखते हुए सरकार के पास नई दिल्ली से पटना तथा पटना से नई दिल्ली तक शताब्दी एक्सप्रेस चलाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

रेल मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडीज): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Allocation of Funds for Construction of Dindigul-Madurai Railway Line in Tamil Nadu

551. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the allocation made for Dindigul-Madurai (Tamil Nadu) Broad gauge construction for the year 1989-90;

(b) what steps are taken to complete this work earlier; and

(c) by when construction work of broad gauge line between Madurai and Tuticorin (Tamil Nadu) taken up?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) Rs. 4 crores.

(b) Within the limited allocation of funds made available by the Planning Commission for 'New Lines' and keeping in view the overall national priorities, efforts are made to allocate as much funds as possible for this project.

(c) Broad Gauge line between Maniyachchi and Milavittan has already been completed. Work on conversion of Madurai-Maniyachchi and Milavittan-Tuticorin Metre Gauge into Broad Gauge